अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

04 DEC. 2023

USEFUL FOR

# IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **भारतीय नौसेना दिवस 2023: 4 दिसंबर**




- भारतीय नौसेना की उपलब्धियों और भूमिका को सम्मान देने के लिए भारत में नौसेना दिवस 4 दिसंबर को मनाया जाता है।
- प्रतिष्ठित सिंधुदुर्ग किला इस वर्ष के नौसेना दिवस की मेजबानी करेगा।
- भारतीय नौसेना पहली बार नौसेना दिवस के अवसर पर किसी प्रमुख नौसैनिक स्टेशन से दूर एक मेगा कार्यक्रम का आयोजन करेगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वह राजकोट-मालवन में छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।
- भारतीय नौसेना 04 दिसंबर 2023 को भारत के पश्चिमी समुद्र तट पर सिंधुदुर्ग किले में जहाजों और विमानों द्वारा नौसेना संचालन के एक स्पेक्ट्रम को कवर करते हुए 'ऑपरेशनल प्रदर्शन' के माध्यम से अपनी परिचालन कौशल और क्षमताओं का प्रदर्शन करेगी।
- इस कार्यक्रम में मिग 29K, एलसीए नेवी और मार्कोस सहित 20 युद्धपोत और 40 विमान भाग लेंगे।

2. **विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस & राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवसः 2 दिसंबर**







- विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस प्रतिवर्ष 02 दिसंबर को मनाया जाता है।
- इसे पहली बार 2001 में मनाया गया था। इसकी शुरुआत भारतीय कंपनी एनआईआईटी (राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) ने अपनी 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर की थी। यह दिन कंप्यूटर शिक्षा के महत्व पर जोर देता है। इसका उद्देश्य डिजिटल विभाजन को पाटना है।
- राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस हर साल 2 दिसंबर को मनाया जाता है।
- "स्वच्छ और स्वस्थ ग्रह के लिए सतत विकास" इस वर्ष के राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस का विषय है।
- यह उन लोगों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने 1984 में 2 और 3 दिसंबर को हुई भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवा दी थी।

3. **2023 विश्व डिजिटल प्रतिस्पर्धात्मकता रैंकिंग में भारत को 49वां स्थान दिया गया**




- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (IMD) ने अपनी 2023 विश्व डिजिटल प्रतिस्पर्धात्मकता रैंकिंग (WDCR) जारी की है।
- रैंकिंग के अनुसार, भारत को 64 अर्थव्यवस्थाओं में 49वें स्थान पर रखा गया है।
- भारत ने साइबर सुरक्षा ज्ञान में उल्लेखनीय सुधार किया है लेकिन प्रौद्योगिकी और भविष्य की तैयारी के क्षेत्र में पीछे रह गया है।
- डब्ल्यूडीसीआर एक व्यापक मूल्यांकन है जो दिखाता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उदय के बीच देश डिजिटल परिदृश्य में कैसे आगे बढ़ रहे हैं।

4. **मनीषा पाढ़ी को भारत की पहली महिला एड-डी- कैंप (एडीसी) नियुक्त किया**



- मिजोरम के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने आइजोल में राजभवन में एक संक्षिप्त समारोह में सशस्त्र बलों से स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी को एडीसी नियुक्त किया।
- पाढ़ी 2015 बैच के भारतीय वायु सेना अधिकारी हैं। वह यह पद हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला हैं।

- स्क्वाड्रन लीडर पाढ़ी औपचारिक रूप से अपना पद संभाला और 29 नवंबर 2023 को राज्यपाल को रिपोर्ट किया।
- इस पोस्टिंग से पहले, वह बीदर, पुणे और भटिंडा में वायु सेना स्टेशनों पर तैनात थीं।

**5. अब्दुल्लाही मायर को यूएनएचसीआर नानसेन शरणार्थी पुरस्कार**




- शरणार्थी शिक्षा के शरणार्थी अग्रदूत अब्दुल्लाही मीरे को, शीर्ष UNHCR पुरस्कार शिक्षा के ज़रिए जीवन परिवर्तन के लिए ख़ुद को समर्पित करने वाले, सोमालिया मूल के एक पूर्व बाल शरणार्थी अब्दुल्लाही मीर को, वर्ष 2023 के प्रतिष्ठित UNHCR नानसेन शरणार्थी पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है.
- **UNHCR नानसेन शरणार्थी पुरस्कार के बारे में**
- यूएनएचसीआर नानसेन शरणार्थी पुरस्कार की स्थापना 1954 में नॉर्वेजियन वैज्ञानिक, ध्रुवीय खोजकर्ता, राजनयिक और राष्ट्र संघ के शरणार्थियों के पहले उच्चायुक्त फ्रिड्टजॉफ नानसेन की विरासत का सम्मान करने के लिए की गई थी।
- यह पुरस्कार शरणार्थियों की उत्कृष्ट सेवा के लिए किसी व्यक्ति या संगठन को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

**6. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने आंध्र प्रदेश और उससे सटे तमिलनाडु तटों के लिए चक्रवात का अलर्ट जारी किया**



- मिचौंग तूफान के चलते 144 ट्रेन कैंसिलः तमिलनाडु में SDRF के 100 जवान तैनात, 5 दिसंबर को आंध्र प्रदेश में साइक्लोन का लैंडफॉल
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने आंध्र प्रदेश और उससे सटे तमिलनाडु तटों के लिए चक्रवात का अलर्ट जारी किया है। इस तूफान का नाम मिचौंग रखा गया है।
- IMD के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव का क्षेत्र 2 दिसंबर को डीप डिप्रेशन में बदल गया। अगले 12 घंटों में यह तूफान में बदल जाएगा।
- तूफान को मिचौंग नाम किसने दिया मिचौंग तूफान नाम म्यांमार ने दिया है। इसका मतलब है ताकत और लचीलापन होता है। मिचौंग साइक्लोन साल 2023 में बंगाल की खाड़ी का चौथा और हिंद महासागर में बनने वाला छठा तूफान है।




**7. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) ने दुनिया के सबसे महंगे शहरों की लिस्ट जारी की**



- इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) ने दुनिया के सबसे महंगे शहरों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में स्विट्जरलैंड का शहर ज्यूरिख और सिंगापुर दोनों संयुक्त रूप से टॉप पॉजीशन पर हैं।
- इस लिस्ट में अमेरिका की राजधानी न्यूयॉर्क और जेनेवा तीसरे नंबर हैं।
- चीन में कोविड-19 के चलते मंदी की वजह से हॉन्गकॉन्ग शहर को पांचवां स्थान मिला है।

- सीरिया की राजधानी दमिश्क सबसे सस्ते शहरों की सूची में नंबर वन पर बना हुआ है।

**8. लोकप्रिय अभिनेत्री और संगीतकार आर सुब्बालक्ष्मी का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया**



- अनुभवी अभिनेता को मलयालम सिनेमा में उनके अपार योगदान के लिए जाना जाता था।
- सुब्बालक्ष्मी एक प्रशिक्षित गायिका भी थीं और उन्होंने अपना करियर कर्नाटक संगीतकार के रूप में शुरू किया था।
- वह मलयालम फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए व्यापक रूप से जानी जाती थीं, जिनमें कल्याणरमन (2002), पांडिप्पा (2005), और नंदनम (2002) जैसी लोकप्रिय फिल्में शामिल थीं। उन्होंने तेलुगु और तमिल फिल्मों में भी काम किया।
- वह ऑल इंडिया रेडियो की पूर्व कर्मचारी थीं और उन्होंने डबिंग आर्टिस्ट के रूप में भी काम किया था।

**9. बिहार में 71,863 प्राइमरी स्कूलों में 'मिशन दक्ष' की शुरुआत की गई**



- बिहार में 71,863 प्राइमरी स्कूलों में 'मिशन दक्ष' की शुरुआत की गई है।
- इस योजना के तहत प्राइमरी स्कूलों की क्लास तीसरी से 8वीं तक पढ़ने में सबसे कमजोर सिलेक्ट किए 25 लाख बच्चों को पढ़ाई में अव्वल बनाया जाएगा।
- 'मिशन दक्ष' के तहत हर शिक्षक पांच बच्चों को एडॉप्ट करेंगे और उन्हें योग्य बनाएंगे।
- मार्च 2024 में बच्चों का जिला स्तर पर एग्जाम लिया जाएगा।
- अगर एग्जाम बच्चे फेल करेंगे, तो प्रधानाध्यापक और शिक्षकों पर कार्रवाई होगी।

**10. भारत अपना पहला एक्स-रे पोलारीमीटर (XPoSat) सैटेलाइट लॉन्च करेगा**



- इसरो ने घोषणा की है कि भारत अपना पहला एक्स-रे पोलारीमीटर (XPoSat) सैटेलाइट लॉन्च करेगा
- इसका लक्ष्य - तीव्र X-रे स्रोतों की जांच करना
- ये मिशन लगभग 5 वर्ष तक चलेगा
- यह XPoSat अंतरिक्ष यान अपने साथ दो पेलोड लेकर जाएगा

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. भारत में नौसेना दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया?**
(a) 2 दिसंबर
(b) 3 दिसंबर
(c) 4 दिसंबर
(d) 1 दिसंबर

**2. राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस और विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया?**
(a) 4 नवंबर
(b) 3 नवंबर
(c) 2 दिसंबर
(d) 1 दिसंबर

**3. 2023 विश्व डिजिटल प्रतिस्पर्धात्मकता रैंकिंग में भारत को स्थान दिया गया है।**
(a) 49 वां
(b) 59 वां
(c) 69 वां
(d) 39 वां

**4. भारत की पहली महिला एड-डी-कैंप (एडीसी) के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) मनीषा पाढ़ी
(b) साधना एस नायर
(c) शालिज़ा धामी
(d) अवनि चतुर्वेदी

**5. हाल ही में UNHCR नानसेन शरणार्थी पुरस्कार 2023 के लिए किसे चुना गया ?**
(a) अब्दुलाही मायर
(b) सफीना हसैन
(c) पेरूमल मुरुगन
(d) शेनिस पलाशियो

**6. मिचौंग तूफान का नाम किस देश द्वारा रखा गया है?**
(a) मंगोलिया
(b) म्यांमार
(c) माडागास्कार
(d) इनमे से कोई नही

**7. दुनिया के सबसे महंगे शहरों में कौनसा शहर टॉप पर है।**
(a) ज्यूरिच
(b) सिंगापुर
(c) न्यूयॉर्क
(d) (a) & (b) दोनों

**8. आर सुब्बालक्ष्मी का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह एक प्रसिद्ध. थीं।**
(a) अभिनेत्री
(b) लेखक
(c) समाज सेवक
(d) स्वतंत्रता सेनानी

**9. मिशन दक्ष किस राज्य से संबंधित है?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) बिहार
(c) मध्य प्रदेश
(d) राजस्थान

**10. भारत अपना पहला एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट लॉन्च करेगा, उसका नाम क्या है ?**
(a) X-Ray Sat
(b) X-Sat
(c) X PoSat
(d) X-Ray PoSat

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (c) | (a) | (a) | (a) | (b) | (d) | (a) | (b) | (c) |